भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
28.07.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1498 का उत्तर

लॉकडाउन के दौरान टिकटों को रद्द करना

1498. कुंवर दानिश अली:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) लॉकडाउन के दौरान रेलवे द्वारा कितने यात्रियों के आरक्षित टिकट रद्द किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सभी यात्रियों से कुल राशि का एक निश्चित प्रतिशत काटा गया था; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और रेलवे द्वारा इसके परिणामस्वरूप कुल कितनी राशि अर्जित की गई है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): राष्ट्रीय लॉकडाउन अवधि के दौरान रेलवे द्वारा यात्रा करने के लिए 43,394,165 यात्रियों की टिकटें रद्द की गईं थी।

(ख) और (ग): गाड़ी के रद्द होने के मामले में, रेलवे टिकट रद्दकरण और किराया वापसी नियम-2015 के अनुसार पूरा किराया वापस किया जाता है।

****